FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

**प्रेस नोट थाना खैरगढ़ दिनांक 23-07-2025 जनपद फिरोजाबाद।**

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना खैरगढ़ पुलिस टीम द्वारा छिनैती / लूट की घटना में वांछित लुटेरा अभियुक्त रोबिन उर्फ हुण्डी पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- **पुलिस मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त रोबिन उर्फ हुण्डी पैर में गोली लगने से हुआ घायल..।**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस, छिने / लूटे गये 2,650 रुपये बरामद।**
- **घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया।**

दिनाँक 03-07-2025 को वादी द्वारा थाना खैरगढ़ पर तहरीर दी गयी कि वादी ग्राम श्यावरी में किस्त का कलेक्शन करने गया था किस्त कलेक्शन करने के बाद वादी ग्राम श्यावरी के बाहर पहुँचा तभी मोटर साइकिल सवार 03 अभियुक्त तमंचे के बल पर वादी का मोबाइल फोन व बैग छीनकर मौके से भाग गये। वादी द्वारा छिनैती / लूट की घटना में शामिल 01 अभियुक्त की पहचान अवधेश उर्फ धांसू पुत्र बब्बू उर्फ बबलू निवासी ग्राम श्यावरी थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद के रुप में की गयी थी। वादी की तहरीर के आधार थाना खैरगढ़ पर मु0अ0सं0 97/2025 धारा 309(4) बीएनएस0 पंजीकृत किया गया था।

उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। दिनाँक 03/04-07-2025 की रात्रि को थाना खैरगढ़ पुलिस एवं एसओजी / सर्विलांस टीम द्वारा घटना में संलिप्त नामजद अभियुक्त अवधेश उर्फ धांसू पुत्र बब्बू उर्फ बबलू निवासी ग्राम श्यावरी थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा चुका था। अभियुक्त अवधेश उर्फ धांसू से पूछताछ के आधार पर व विवचेना को दौरान प्रकाश में आए अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा लगतार प्रयास किया जा रहा था इसी क्रम में आज दिनाँक 23-07-2025 को थाना खैरगढ़ पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई की दिनाँक 03-07-2025 को हुई छिनैती / लूट की घटना में वांछित 01 अन्य अभियुक्त रोबिन उर्फ हुण्डी पुत्र पदम सिंह कहीं भागने की फिराक में सीजीएम तिराहा के आस-पास जंगलों / खेतों में छिपा हुआ है। सूचना का संज्ञान लेकर थाना खैरगढ़ पुलिस टीम द्वारा सीजीएम तिराहा के पास लालई रोड़ पर अभियुक्त की छिपने के स्थान पर पहुँच कर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु घेराबंदी की गयी। खुद को घिरता हुआ व पुलिस टीम को नजदीक आता हुआ देखकर अभियुक्त रोबिन उर्फ हुण्डी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबाबी कार्यवाही में अभियुक्त रोबिन उर्फ हुण्डी पैर में गोली लगने से घायल हो गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस एवं लूट के 2,650 रुपए बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-**

1. रोबिन उर्फ हुण्डी पुत्र पदम सिंह निवासी शेखूपुर थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 01 खोखा कारतूस 315 बोर।
3. 01 जिंदा कारतूस 315 बोर।
4. लूट के 2,650 रुपये।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 महिपाल सिंह थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 अंकुर चौहान थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
4. है0कां0 412 सुनील कुमार थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
5. कां0 743 सत्यवीर सिंह थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
6. कां0 514 उदयवीर थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
7. कां0 384 प्रेम सिंह थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
8. कां0 875 आकाश कुमार थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।